पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(एक महारत्न कंपनी)



## श्री पंकज गुप्ता
स्वतंत्र निदेशक

श्री पंकज गुप्ता (डीआईईएन: 03415536) एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं तथा ये 25 वर्षों से अधिक का पेशेवर अनुभव रखते हैं। ये भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) के फेलो सदस्य हैं।

इन्हें कराधान, लेखापरीक्षा एवं आश्वासन, निगमित विधि, तथा वित्तीय परामर्श के क्षेत्रों में 25 वर्षों से अधिक का समृद्ध पेशेवर अनुभव प्राप्त है। ये पंकज मानवी एंड एसोसिएट्स के प्रबंध भागीदार हैं, जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कराधान, लेखापरीक्षा, लेखांकन, निधि जुटाव तथा कॉर्पोरेट मुकदमों के क्षेत्रों में देश एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विविध ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करने वाली एक प्रतिष्ठित फर्म है।

अपने करियर के दौरान, इन्होंने कॉर्पोरेट संस्थाओं, बहुराष्ट्रीय कंपनियों तथा विभिन्न संस्थानों को आयकर, अंतरराष्ट्रीय कराधान, अंतरण मूल्य निर्धारण, जीएसटी, एफईएमए, कॉर्पोरेट अनुपालन तथा पूंजी बाजार विनियमों से संबंधित जटिल विषयों पर परामर्श प्रदान किया है। इन्होंने ग्राहकों को आईपीओ, एफपीओ, निजी प्लेसमेंट, पीई डील, समुचित परीक्षण तथा सेबी, आरओसी, एनसीएलटी, एनसीएलएटी एवं अन्य प्राधिकरणों के समक्ष विनियामक अनुपालनों के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया है।

ये लोक नीति के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित टिप्पणीकार के रूप में व्यापक रूप से जाने जाते हैं। ये आयकर, जीएसटी तथा केंद्रीय एवं राज्य बजट से संबंधित विषयों पर अपने विशेषज्ञ विचार साझा करने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय टेलीविजन चैनलों पर नियमित रूप से उपस्थित होते रहे हैं। इसके अतिरिक्त, ये पेशेवर पत्रिकाओं, व्यापारिक मंचों तथा एबीसी लाइव.इन जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर सक्रिय रूप से लेखन करते हैं तथा विभिन्न उद्योग संगठनों द्वारा आयोजित अनेक संगोष्ठियों एवं सम्मेलनों में व्याख्यान भी दे चुके हैं।

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(एक महारत्न कंपनी)

22 जून, 2026 तक अन्य संस्थाओं में उनके द्वारा धारित पदों का विवरण निम्नानुसार है:

| क्रम सं. | संस्था का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | एनटीपीसी लिमिटेड | स्वतंत्र निदेशक |
| 2 | स्केलियोरा कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड | निदेशक |